सराहनीय कार्य, जनपद –जालौन
दिनांक – 15.06.2024

साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि वापस कराकर पीड़िता के चेहरे पर लौटाई मुस्कान।

आवेदिका श्रीमती आशा देवी की कुल राशि 2,68,000 /- रूपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था।

साइबर थाना पुलिस टीम जनपद जालौन द्वारा जनपद में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा आवेदिका द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियो/बैंको/वालेट आदि से सम्पर्क कर, उपरोक्त आवेदक की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराने में सफलता प्राप्त की।

अतः आवेदिका की ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि आवेदिका के खाते में वापस होने पर आवेदिका द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक व साइबर थाना पुलिस टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामदगी का विवरण:-

क्र0 सं0	नाम, पता वादी	फ्राड हुयी धनराशि	वापसी धनराशि
1	श्रीमती आशा देवी	2,68,000/- रूपये	2,68,000/- रूपये

कुल बरामद धनराशि- 2,68,000/- रूपये (दो लाख अड़सठ हजार रूपये)

बरामद करने वाली टीम –

1. प्रभारी साइबर थाना मय टीम जनपद जालौन।

साइबर अपराधो से बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देशः-

- साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की सूचना तत्काल हेल्पलाइन नं0 1930/112 पर दें, जिससे धनराशि खाते में होल्ड़ करायी जा सके।
- साइबर अपराध, एसीआरपी पोर्टल की वेबसाइट- www.cybercrime.gov.inपर दर्ज करें।
- खाते में KYC अपडेट कराने के लिये बैंको द्वारा कभी भी किसी से व्यक्तिगत जानकारी/OTP/CVV/पिन नम्बर नही मांगे जाते हैं।
- किसी के कहने पर कोई भी ऐप डाउनलोड न करें।
- किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह जाँच लें।
- ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभाग/कम्पनियों के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें।
- अज्ञात व्यक्ति/अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें।
- सरकारी उपक्रम, वेबसाइट या फण्ड की आधिकारिक वेबसाइट से ही वित्तीय लेनदेन करें।
- किसी से पैसा प्राप्त करते समय अपनी यूपीआई आईडी/पासवर्ड न डालें, पैसा प्राप्त करते समय इसकी कोई आवश्यकता नहीं होती है।
- वॉलेट अपडेट और केवाईसी नजदीकी ऑथराइज्ड सेन्टर पर जाकर ही प्राप्त करायें।
- अपने सोशल एकाउन्ट व बैंक खाते का पासवर्ड स्ट्रांग बनायें, जिसमें नम्बर, अक्षर व चिन्ह तीनों हो, साथ ही टू-स्टेप-वेरीफिकेशन लगाये रखें।